बालोद-दल्ली 23-12-2023

## भोरमदेव शक्कर कारखाना देखने पहुंचे अर्थशास्त्र विभाग के स्टूडेंट्स



डौंडीलोहारा| शासकीय एकलव्य कॉलेज डौंडीलोहारा में प्राचार्य राजूलाल कोसरे के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने भोरमदेव सहकारी मर्यादित शक्कर कारखाना कवर्धा का शैक्षणिक भ्रमण किया। कारखाना में गन्ना पेराई, उत्पादन क्षमता, शक्कर तथा गुड़ निर्माण प्रक्रिया के साथ ही वहां पर काम करने वाले श्रमिकों की आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्रों को भोरमदेव मंदिर का दर्शन कराया गया। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. ईश्वरलाल खरे, सहायक अध्यापक सुरेंद्र कुमार साहू का सहयोग रहा।




## सेमिनार का शुभारंभ किया



डौंडीलोहारा। स्थानीय शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा के इतिहास विभाग में सेमीनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार का शुभारंभ विभागाध्यक्ष, प्रदीप कुमार खरे , नंदकिशोर सिन्हा, मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम भुआर्य की उपस्थिति में माँ सरस्वती की छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दिप प्रज्ज्वलित की गई। मुख्य अतिथि द्वारा सेमीनार से जुड़ी हुई बारीकियों को बताते हुये उज्जवल भविष्य की कामना स्वरूप आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर स्तर के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति के पहले हुआ था

बालोद-दल्ली 12-10-2023

## कॉलेज में इतिहास से जुड़ी बारीकियों को बताया गया

डौंडीलोहारा| शासकीय एकलव्य कॉलेज डौंडीलोहारा के इतिहास विभाग में सेमीनार बुधवार को शुरू हुआ। विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार खरे, नंदकिशोर सिन्हा, पुरुषोत्तम भूआर्य की उपस्थिति में मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इतिहास से जुड़ी हुई बारीकियों को बताया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।










